आकाशवाणी केन्द्र शिमला
06.03.2026 / प्रादेशिक समाचार / 11:00बजे

नड्डा– विश्व स्वास्थ्य संगठन

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने गर्भाशय ग्रीवा कैंसर– सर्विकल कैंसर के उन्मूलन और स्वास्थ्य क्षेत्र में वैश्विक सहयोग मजबूत करने की भारत की प्रतिबद्धता दोहराई है। मीडिया को संबोधित करते हुए नड्डा ने कहा कि भारत ने इसकी शीघ्र पहचान, रोकथाम और समय पर उपचार उपलब्ध कराने के लिए व्यापक नीति अपनाई है। यह अभियान 28 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू किया गया था। इसके तहत 14 वर्ष की एक करोड़ 20 लाख बालिकाओं को टीका लगाया जाना है। एक चरण में पूरा किया जाने वाला टीकाकरण अभियान 90 दिन तक चलेगा। सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों में यह सुविधा निःशुल्क उपलब्ध रहेगी।

वीबीजी राम जी अभियान

ग्रामीण विकास मंत्रालय, माई भारत के सहयोग से, आज से राष्ट्रव्यापी वीबी जी राम जी युवा डिजिटल अभियान शुरू कर रहा है। इसका उद्देश्य विकसित भारत – ग्रामीण रोजगार और आजीविका मिशन अधिनियम, 2025 के बारे में जन जागरूकता बढ़ाना है। अभियान का लक्ष्य युवाओं को इस पहल के केंद्र में रखकर प्रश्नोत्तरी, वीडियो चुनौतियों और रचनात्मक प्रतियोगिताओं जैसी गतिविधियों से जोड़ना है, ताकि इसे एक राष्ट्रव्यापी डिजिटल जन आंदोलन बनाया जा सके।

राज्यपाल नियुक्ति

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कल कई राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में राज्यपाल और उपराज्यपाल नियुक्त किए। लद्दाख के उपराज्यपाल कविंदर गुप्ता को हिमाचल प्रदेश का राज्यपाल बनाया गया है जबकि हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल को तेलंगाना का राज्यपाल नियुक्त किया गया है। गौरतलब है कि शिव प्रताप शुक्ल करीब तीन वर्ष तक हिमाचल के राज्यपाल रहे। उन्होंने 18 फरवरी 2023 को हिमाचल प्रदेश के 29वें राज्यपाल के रूप में पदभार संभाला था।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू आज मंडी जिला के एकदिवसीय दौरे पर रहेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री नेरचौक मेडिकल कॉलेज में रोबोटिक सर्जरी की शुरूआत करेंगे। इसके अलावा मुख्यमंत्री कई विकासात्मक परियोजनाओं का शिलान्यास व उद्घाटन भी करेंगे।

नामांकन जांच

कांग्रेस प्रत्याशी अनुराग शर्मा ने कल प्रदेश से राज्यसभा की एक सीट पर होने वाले चुनाव के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन पत्रों की जांच आज की जाएगी और 9 मार्च को नाम वापिस लेने की अंतिम तिथि है, जबकि मतदान की तारीख 16 मार्च को निर्धारित है। गौरतलब है कि प्रदेश से राज्यसभा सांसद इंदु गोस्वामी का कार्यकाल 9 अप्रैल को समाप्त हो रहा है और इस सीट को भरने के लिए ये चुनाव करवाया जा रहा है। विपक्षी दल भाजपा ने इस बार राज्यसभा चुनाव के लिए अपना उम्मीदवार नहीं उतारा है और ऐसे में कांग्रेस प्रत्याशी अनुराग शर्मा का चयन तय माना जा रहा है।

प्रशिक्षण कोर्स

साहसिक गतिविधियों के लिए प्रसिद्ध कुल्लू जिला के पिरडी स्थित राफ्टिंग केंद्र में 14 दिवसीय बेसिक राफ्टिंग गाइड कोर्स तथा इंटरमीडिएट कयाकिंग कोर्स का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें कुल 65 प्रशिक्षु भाग ले रहे हैं। इस दौरान प्रशिक्षुओं को जल क्रीड़ा से जुड़ी विभिन्न तकनीकों के साथ–साथ नदी में सुरक्षा और रेस्क्यू ऑपरेशन का विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा।

राऊलाने पर्व

जनजातीय जिला किन्नौर के ऐतिहासिक गांव कल्पा में आज से पांच दिन तक चलने वाला पारंपरिक राऊलाने पर्व शुरू हो रहा है। यह पर्व हर वर्ष साऊनी यानि परियों को प्रसन्न करने की मान्यता के साथ मनाया जाता है। राऊलाने पर्व का मुख्य उद्देश्य गांव में सुख–समृद्धि, शांति और धन–धान्य की कामना करना है। इस पर्व को देखने के लिए स्थानीय लोगों के साथ–साथ काफी संख्या में पर्यटक भी कल्पा पहुंचे हैं। हर वर्ष यह पर्व क्षेत्र की समृद्ध संस्कृति और परंपराओं की झलक प्रस्तुत करता है।